# शिवसेना छत्तीसगढ़
## (उध्दव बाला साहेब)

श्री उध्दव साहेब ठाकरे
शिवसेना पक्ष प्रमुख
एवं पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र

डॉ.आनन्द सिंह मल्होत्रा
प्रदेश प्रमुख
शिवसेना छत्तीसगढ़

हेमन्त कुमार महन्त
ग्रा०जि० अध्यक्ष सूरजपुर
शिवसेना छत्तीसगढ़
मो0-9644652253

संभागीय कार्यालय- केतका रोड़, मानपुर सूरजपुर (छ.ग.)


क्रमांक 72/

दिनांक 11/12/2025

प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय
सूरजपुर जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

विषय :– **ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय संस्था की अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने व ज्ञापन देने के पश्चात उक्त के संचालक द्वारा गुण्डा भेजकर धमकी देने व जान से मारने की बात करने के संदर्भ में।**

महोदय

निवेदन यह है कि उक्त ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय के खिलाफ ज्ञापन दिया गया था। उक्त विद्यालय के संचालक के द्वारा अपने चमचों को भेजकर हमारे जिलाध्यक्ष के घर दिनांक 10.12.2025 समय लगभग दोपहर 12:30 बजे में जाकर जान से मारने की धमकी दिया गया है। जिस पर हमारे शिवसेना घोर विरोध करते हुए उच्च स्तरीय जांच कराया जाये एवं उक्त संचालक के द्वारा/मूक–बधिर विद्यालय एवं नशामुक्ती डी.पी. स्कूल का समस्त पंजियन का जांच कराया जाए एवं घर में जाकर जान से मारने की धमकी दिया गया है उस पर तत्काल जांच कर अपराधिक मामला दर्ज कराने की कृपा करें।

विश्वनाथ

कार्यालय कलेक्टर सूरजपुर
11/12/2025
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

अतः श्रीमान जी से निवेदन यह है कि उक्त मामलों को गंभिरता से देखते हुए उक्त संचालक एवं उनके गुण्डों के विरूध तत्काल जांच कर अपराधिक मामला दर्ज करने की कृपा करें।

अगर 15 दिवस के भितर उचित कार्यवाही नही की जाती है तो शिवसेना पार्टी के द्वारा संभागीय स्तर पर उग्र आन्दोलन करने की बाध्य होगें जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी।

संयोजक
शिवसेना पार्टी सूरजपुर

प्रार्थी

| | | |
|---|---|---|
| Pinky Patel<br>महिला जिलाध्यक्ष | ग्रामिण जिला प्रमुख | ब्लॉक प्रमुख सूरजपुर<br>M. Singh |
| पिंकी पटेल | हेमन्त कुमार महन्त | मोहन सिंह टेकाम |

नगर प्रमुख सूरजपुर

साहिल

# शिवसेना छत्तीसगढ़

(उद्धव बाला साहेब)

श्री उद्धव साहेब ठाकरे
शिवसेना पक्ष प्रमुख
एवं पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र

डॉ. आनन्द सिंह मल्होत्रा
प्रदेश प्रमुख
शिवसेना छत्तीसगढ

विष्णु वैष्णव
जिलाध्यक्ष, सूरजपुर
शिवसेना छत्तीसगढ
मो.- 9754654921

संभागीय कार्यालय- केतका रोड, मानपुर, सूरजपुर (छ.ग.)

क्रमांक 50

दिनांक 11/12/202

प्रति,

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय,
जिला – सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

विषय – ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय संस्था की अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने व ज्ञापन देने के पश्चात उक्त के संचालक द्वारा गुण्डा भेजकर धमकी देने व जान से मारने की बात करने के संदर्भ में।

महोदय,

मैं विष्णु वैष्णव, जिला अध्यक्ष – शिवसेना, सूरजपुर, निवास – बैगापारा, मानपुर, आपसे निवेदन करता हूँ कि दिनांक 10/12/2025, समय लगभग दिन (दोपहर) 12:30 बजे, मेरे निवास स्थान पर एक अत्यंत गंभीर व भयावह घटना घटी है।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला – सूरजपुर 11/12/025

दिनांक 05/12/2025 को मैंने एवं मेरे संगठन के पदाधिकारियों ने ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा था।

इसी के पश्चात दो अज्ञात गुंडे मेरे घर आए और मेरी अनुपस्थिति में मेरी पत्नी को धमकाते हुए कहा विष्णु को समझा देना, बहुत नेतागिरी कर रहा है, उसे जान से उड़ा देंगे। तुम भी ज्यादा बोल रही हो, तुम्हें भी जान से खत्म

कर देंगे। हमें विजयराज अग्रवाल ने भेजा है। धमकी देने के बाद वे व्यक्ति तुरंत मोटर साइकिल स्टार्ट कर वहां से फरार हो गए। महोदय, यह घटना न केवल मेरे व मेरे परिवार की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि यह स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय मामले को उजागर करने पर मुझ पर दबाव बनाने और मुझे डराने–धमकाने की साजिश रची जा रही है।

मैं निवेदन करता हूँ कि –

1. इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कराई जाए।

2. धमकी देने वाले व्यक्तियों की पहचान कर गिरफ्तार किया जाए।

3. ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय के संचालक विजयराज अग्रवाल को इस प्रकरण में मुख्य संदेही मानते हुए संज्ञान लिया जाए।

4. मेरे तथा मेरे परिवार के लिए सुरक्षा प्रदान की जाए।

मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूँ कि यदि भविष्य में मेरे, मेरे परिवार अथवा शिवसेना कार्यकर्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी, दुर्घटना या जानलेवा हमला होता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी ज्ञानोदय मूक–बधिर विद्यालय के संचालक विजयराज अग्रवाल की होगी।

साथ ही, यदि 15 दिनों के भीतर उचित कार्यवाही नहीं की जाती है, तो शिवसेना संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्न –

1. पूर्व में दिए गए ज्ञापन की प्रति

प्रतिलिपी–

थाना प्रभारी महोदय तत्काल जांचकर उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय
विष्णु वैष्णव
जिला अध्यक्ष– शिवसेना
जिला सूरजपुर (छत्तीसगढ़)
मो.– 9754654921



21